उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि०
(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
14–अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ
CIN : U32201UP1999SGC024928

पत्रांक:I/70927/2026E-5707/PA-3/E-5 दिनांक:20-11-2026

सूचना

विषय: चतुर्थ श्रेणी (गैर-तकनीकी एवं गैर-परिचालकीय संवर्ग) कार्मिकों की कार्यकारी सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु केंद्रीकृत टंकण एवं लिखित परीक्षा के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाने के संबंध में।

परिषदादेश सं0-179-विनियम-93/पाकालि/2001-10-विनियम/86, दिनांक 01.10.2001 के अनुसार चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की कार्यकारी सहायक के पद पर पदोन्नति खंड, मण्डल एवं मुख्य अभियंता संवर्ग के अनुसार सक्षम स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा डिस्कॉम/केस्को/कारपोरेट स्तर पर जाने का प्राविधान है।

उक्त व्यवस्था के क्रम में प्रबन्धन द्वारा निर्णय लिया गया है कि समस्त डिस्कॉम/केस्को में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की कार्यकारी सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु टंकण परीक्षा एवं लिखित परीक्षा का आयोजन केंद्रीकृत रूप से उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि० मुख्यालय स्तर पर, मुख्य अभियंता (जल विद्युत) कार्यालय द्वारा कराया जाए। परीक्षा परिणाम संबंधित डिस्कॉम/केस्को को प्रेषित किए जाएंगे, जिसके पश्चात पदोन्नति की अग्रेतर कार्यवाही संबंधित डिस्कॉम/केस्को द्वारा नियमानुसार की जाएगी।

अतः चतुर्थ श्रेणी के ऐसे पात्र कार्मिकों से, जो कार्यकारी सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु निर्धारित अर्हताएँ पूर्ण करते हैं, कारपोरेशन मुख्यालय स्तर पर आयोजित की जाने वाली टंकण एवं लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

1. <u>परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्हता-</u>

आवेदन करने वाले कार्मिकों को दिनांक 30.06.2026 तक निम्नलिखित सभी शर्तें पूर्ण करना अनिवार्य है—

- कार्मिक का स्थायीकरण (Confirmation) हो चुका हो।
- कार्मिक ने मूल नियुक्ति से दिनांक 30.06.2026 तक कारपोरेशन में न्यूनतम 05 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो।
- इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा अथवा स्नातक/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो। इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण कार्मिकों को 15 प्रतिशत तथा स्नातक उत्तीर्ण कार्मिकों को 05 प्रतिशत पदोन्नति कोटे के अंतर्गत नियमानुसार विचारित किया जाएगा।
- कार्मिक की विगत 05 वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25, 2025-26) में से न्यूनतम 03 वर्ष की वार्षिक गोपनीय आख्याएँ कम से कम संतोषजनक होनी चाहिए एवं सभी वर्षों की सत्यनिष्ठा प्रमाणित होनी चाहिए।

2. <u>चयन प्रक्रिया-</u>

पदोन्नति हेतु पात्र कार्मिकों के लिए निम्नानुसार केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित की जाएगी—

(क) <u>टंकण परीक्षा-</u>

मापदंड	विवरण
भाषा	हिन्दी
फॉण्ट	Mangal (Font Size 12)
परीक्षा का माध्यम	ऑफलाइन मोड (Paper-to-Screen), कम्प्यूटर पर टंकण
समय	05 मिनट (200 शब्दों का हिन्दी टेक्स्ट)
न्यूनतम वांछित नेट स्पीड	25 शब्द प्रति मिनट

नोट: टंकण परीक्षा अर्हकारी (Qualifying) होगी एवं इसके लिए अंक प्रदान नहीं किये जायेंगे। न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट की नेट टंकण गति प्राप्त करने वाले कार्मिकों को ही उत्तीर्ण माना जायेगा एवं वही कार्मिक लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्र होंगे।

(ख) <u>लिखित परीक्षा-</u>

टंकण परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट की नेट टंकण गति प्राप्त करने वाले कार्मिकों को उत्तीर्ण माना जायेगा एवं इसमे उत्तीर्ण होने वाले कार्मिकों को ही लिखित परीक्षा में सम्मिलित किया जायेगा।

विषय	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक
हिन्दी निबंध (लगभग 500 शब्द)	1	20
हिन्दी में पत्र लेखन	1	20
सामान्य ज्ञान	10	10
कुल	12	**50**

- उक्त 50 अंकों की लिखित परीक्षा 90 मिनिट की होगी तथा न्यूनतम 20 अंक प्राप्त करने वाले कार्मिक ही उत्तीर्ण माने जायेंगे। प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची का निर्धारण किया जायेगा।
- परीक्षा का माध्यम हिन्दी होगा तथा प्रश्न इन्टरमीडिएट स्तर के होंगे।
- निबंध हेतु 05 शीर्षक दिए जायेंगे, जिसमें से किसी एक शीर्षक पर निबंध लिखना होगा। शब्द- सीमा न्यूनतम 500 शब्द होगी।
- पत्र-लेखन हेतु दो विषय दिए जायेंगे, जिसमें किसी एक विषय पर पत्र लिखना होगा।
- सामान्य ज्ञान पर आधारित अति लघु उत्तरीय प्रकार के 10 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा।

3. <u>आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया</u>

- इच्छुक एवं पात्र कार्मिक पूर्ण रूप से भरा हुआ (Duly Filled) एवं नियंत्रक अधिकारी द्वारा सत्यापित आवेदन-पत्र (आवेदन पत्र इस नोटिस के साथ संलग्न है) अपने नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से संबंधित डिस्कॉम/केस्को को अग्रसारित करेंगे।
- संबंधित डिस्कॉम/केस्को/कारपोरेट इकाई द्वारा कार्मिकों के आवेदन-पत्र कार्यालय मुख्य अभियंता (हाइडिल), तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार, 14, अशोक मार्ग, लखनऊ, उ०प्र० को निर्धारित समय-सीमा में स्पीड पोस्ट के माध्यम से अग्रसारित करना होगा।

- आवेदन-पत्र में मांगी गई समस्त सूचनाएँ पूर्ण एवं स्पष्ट होनी चाहिए।
- आवेदन-पत्र पर संबंधित कार्मिक के नियंत्रक अधिकारी द्वारा सत्यापन कराया जाना आवश्यक है।
- अपूर्ण, अस्पष्ट, निर्धारित प्रारूप से भिन्न अथवा निर्धारित समय-सीमा के बाद प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
- आवेदन-पत्र में अंकित शैक्षिक योग्यता, सेवा अवधि, स्थायीकरण एवं अन्य विवरणों की सत्यता की जिम्मेदारी संबंधित कार्मिक एवं सत्यापनकर्ता अधिकारी की होगी।

4. <u>आवेदन की अंतिम तिथि-</u>

क्र.सं.	**गतिविधि / कार्यवाही**	**अंतिम तिथि**
1.	इच्छुक एवं पात्र कार्मिक द्वारा अपने नियंत्रक अधिकारी को आवेदन प्रेषित करना।	10.12.2026
2.	नियंत्रक अधिकारी द्वारा आवेदन-पत्र सत्यापित कर संबंधित डिस्कॉम/केस्को को अग्रसारित करना।	20.12.2026
3.	डिस्कॉम/केस्को/कारपोरेट इकाई द्वारा कवर लेटर (Cover Letter) के साथ कार्मिकों की सूची एवं उनके मूल आवेदन-पत्र, समस्त संलग्नकों सहित, कार्यालय मुख्य अभियंता (हाइडिल), तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ, उ०प्र० में प्रेषित करना।	30.12.2026

5. <u>परीक्षा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण बिंदु-</u>

- टंकण एवं लिखित परीक्षा कारपोरेशन मुख्यालय द्वारा लखनऊ में केंद्रीकृत रूप से आयोजित की जाएगी।
- परीक्षा की तिथि, समय एवं परीक्षा केन्द्र की सूचना पात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश-पत्र के माध्यम से दी जाएगी।
- परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी को निर्धारित प्रवेश-पत्र एवं वैध पहचान-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।
- परीक्षा में उत्तीर्ण कार्मिकों के परिणाम संबंधित डिस्कॉम/केस्को/UPPCL को प्रेषित किये जाएंगे तथा पदोन्नति की कार्यवाही संबंधित संवर्ग में सक्षम प्राधिकारी द्वारा की

जाएगी।

- पदोन्नत होने वाले कार्मिक को उसी डिस्कॉम/केस्को/UPPCL में तैनात किया जाएगा, जिसमें वह वर्तमान में आमेलित है। पदोन्नति के बाद डिस्कॉम/केस्को/UPPCL परिवर्तन का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

संलग्न- आवेदन पत्र का प्रारूप।

अध्यक्ष, उ०प्र०पा०का०लि०

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रबंध निदेशक, मध्यांचल/पश्चिमांचल/पूर्वांचल/दक्षिणांचल, वि०वि०नि०लि०, लखनऊ/मेरठ/वाराणसी/आगरा, केस्को, कानपुर।
2. निदेशक (का०प्र० एवं प्रशा०), मध्यांचल/पश्चिमांचल/पूर्वांचल/दक्षिणांचल, वि०वि०नि०लि०, लखनऊ/मेरठ/वाराणसी/आगरा, केस्को, कानपुर।
3. मुख्य अभियंता (मा0सं0 एवं प्रशा0), मध्यांचल/पश्चिमांचल/पूर्वांचल/दक्षिणांचल, वि०वि०नि०लि०, लखनऊ/मेरठ/वाराणसी/आगरा, केस्को, कानपुर।
4. मुख्य अभियन्ता (वाणिज्य इकाई/रेस्पो/पी०पी०ए०/नियोजन/रेग्युलेटरी अफेयर्स यूनिट), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता (सी०एम०यू०डी०), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता (जांच समिति/पी०एम०सी०), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, एस0एल0डी0सी0 परिसर, गोमती नगर, लखनऊ।
7. मुख्य अभियन्ता (सामग्री प्रबन्ध)/अधीक्षण अभियन्ता (ई०एस०पी०सी०), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, महानगर, लखनऊ।
8. महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन विकास, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ।
9. सचिव (ट्रस्ट), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
10. सचिव, विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, गोमती नगर, लखनऊ।
11. अधीक्षण अभियन्ता {जानपद (मुख्यालय)/स्पैट/विद्युत आयात निर्यात एवं भुगतान मण्डल/आई०टी० इकाई}, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार,

लखनऊ।

12. अधिशासी अभियन्ता {जानपद/अनुरक्षण इकाई/विद्युत एवं यांत्रिक इकाई (पेंशन सेल)}, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
13. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद निर्माण खण्ड-प्रथम, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, अलीगंज, लखनऊ।
14. अधिशासी अभियंता (वेब), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।

(उत्तम कुमार सक्सेना)

मुख्य अभियंता (हाइडिल)

उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि० की कारपोरेट इकाइयों एवं सहयोगी वितरण निगमों/केस्को के चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों (गैर तकनीकी एवं गैर परिचालकीय) की कार्यकारी सहायक के पद पर पदोन्नति हेतु परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन-पत्र

---

1. पूरा नाम (हिन्दी में) : .....

: .....

(अंग्रेजी में) : .....

: .....

नियंत्रक अधिकारी द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साइज़ फोटो यहाँ चिपकाएँ

2. सैप आई०डी० : .....

3. पिता का नाम : .....

4. पत्राचार का पता : .....

(नोट: इसी पते पर प्रवेश-पत्र प्रेषित किये जायेंगे।)

5. मोबाइल नं० : .....

6. ई-मेल आई०डी० (यदि हो) : .....

7. जन्म तिथि : .....

8. वर्तमान तैनाती कार्यालय : .....

9. डिस्कॉम/केस्को/UPPCL इकाई का नाम : .....

10. शैक्षिक योग्यता:-

क्र०सं०	**कक्षा**	**बोर्ड/विश्वविद्यालय एवं संस्था का नाम**	**उत्तीर्ण करने का वर्ष**	**प्राप्तांक का प्रतिशत**
1	हाई स्कूल			
2	इण्टरमीडिएट			
3	स्नातक (यदि हो)			

(नोट: शैक्षिक अर्हता से सम्बन्धित अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की स्व-प्रमाणित छाया प्रतियां संलग्न करें।)

11. सेवा-सम्बन्धी विवरण:-

विभाग में प्रथम नियुक्ति की तिथि एवं पदनाम	**वर्तमान पदनाम**	**डिस्कॉम/वर्तमान तैनाती कार्यालय**	**नियुक्ति पत्र की संख्या एवं दिनांक**	**वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि**

12. अनुशासनात्मक कार्यवाही आदि का विवरण (यदि कोई है अन्यथा 'शून्य' लिखें):-

क्र० सं०	दंडादेश संख्या एवं दिनांक	दण्ड का विवरण	निलम्बन का समय (कब से कब तक)	टिप्पणी
1				
2				
3				

13. क्या कोई अनुशासनात्मक/विभागीय जाँच वर्तमान में लंबित है? ☐ हाँ ☐ नहीं

(यदि हाँ तो विवरण संलग्न करें)

14. गत पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय आख्याओं की प्रविष्टियों का सार विवरण:-

क्र०सं०	वर्ष	अभ्युक्ति (Remark)	सत्यनिष्ठा (Integrity)	यदि दण्ड दिया गया हो तो विवरण
1	2021-2022			
2	2022-2023			
3	2023-2024			
4	2024-2025			
5	2025-2026			

15. स्थायीकरण:-

- पद जिस पर स्थायी है : .....
- स्थायी होने की तिथि एवं आदेश संख्या/दिनांक :.....

16. संलग्नक-सूची (कृपया ✓ लगाएँ): ☐ हाईस्कूल अंकतालिका एवं प्रमाण-पत्र ☐ इण्टरमीडिएट अंकतालिका एवं प्रमाण-पत्र ☐ स्नातक अंकतालिका एवं प्रमाण-पत्र ☐ स्थायीकरण आदेश ☐ पासपोर्ट फोटो (2)

<u>घोषणा</u>

मैं.....पुत्र/पुत्री.....पद..... ..... एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिये गये सभी विवरण मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतः सही हैं और यदि इस प्रपत्र में दी गई कोई भी सूचना असत्य पाई जाये तो मुझे चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए अयोग्य मान लिया जाये तथा आवेदन निरस्त कर दिया जाए।

दिनांक :

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर:

नाम :

स्थान:

<u>नियंत्रक अधिकारी का प्रमाण-पत्र</u>

प्रमाणित किया जाता है कि कार्मिक द्वारा भरा गया विवरण सेवा अभिलेखों से सत्यापित कर लिया गया है तथा मेरी जानकारी में सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उक्त कार्मिक का स्थायीकरण हो चुका है, दिनांक 30.06.2026 तक न्यूनतम 05 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण है, आख्याओं एवं सत्यनिष्ठा संबंधी प्रविष्टियाँ सही हैं तथा कार्मिक के विरुद्ध अनुशासनात्मक/विभागीय जाँच लंबित नहीं है / लंबित है।

दिनांक : नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर

नाम एवं पदनाम : (मुहर सहित)